-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज द्वारा महिला के खोए हुए मोबाइल फोन को 02 घण्टे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को किया गया सुपुर्द।**

  विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज द्वारा महिला के खोए हुए मोबाइल फोन को 02 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम तिंदवारा निवासी संगीता पत्नी विनोद द्वारा मेडिकल कॉलेज चौकी पर सूचना दी गई कि आज दिनांक 25.05.2026 को मेडिकल कॉलेज में इलाज हेतु आते समय उनका मोबाइल फोन मेडिकल कॉलेज के आसपास कहीं गिर गया था काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल फोन नहीं मिला। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी साक्ष्यों आदि का प्रयोग करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन को 02 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया। खोया हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर महिला द्वारा पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बरामदगी-

- 01 अदद् खोए हुए मोबाइल फोन

मोबाइल बरामद करने वाली टीमः-

1. श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज थाना कोतवाली नगर मय टीम